# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026


## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परिवार के श्रद्धेय

# श्री शशिकांत जमनादास मिराणी

( जन्म - 27/07/1956 )

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके **दिनांक - 16 मार्च 2026, दिन - सोमवार** को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु

## प्रार्थना सभा

### दिनांक - 19 मार्च 2026, दिन - गुरूवार

समय- शाम 4:30 बजे से 6.00 बजे तक

स्थान - **जैनम मानस भवन**, A-ब्लॉक, एयरपोर्ट के सामने, रायपुर (छ.ग.)

में रखी गई है, आपकी उपस्थिति से हमें संबल मिलेगा।

### शोकाकुल

ग. स्व. हंसा बेन मिराणी (पत्नी)
तुषार–प्रगति बेन मिराणी (पुत्र–पुत्रवधू)
ग. स्व. ज्योत्सना बेन रमेश भाई मिराणी (भाभी)
किशन–प्रफुल्ला बेन मिराणी (भाई–भाभी)
जयेश–उर्वशी बेन मिराणी (भतीजा–बहू)
दीपेश रमेश भाई मिराणी (भतीजा)
चिराग–दीप्ती बेन मिराणी (भतीजा–बहू)
देवांश, यक्ष, इवान, माही, कायषा (पौत्र-पौत्री)

भावेश-मनीषा बेन कारिया, नागपुर (दामाद–पुत्री)
आरती विशाल वजानी, नागपुर (पुत्री)
चिराग–उन्नति दावड़ा, राजकोट (दामाद–पुत्री)
विराज, खुश, जानवी, व्याना (नाती-नातिन)
समस्त मिराणी, वजानी, दावड़ा एवं कारिया परिवार

MIRANI'S

किशन मिराणी - 9826133666
तुषार मिराणी - 9105515151
चिराग मिराणी - 9826125111

मिराणी ग्लोबल (रायपुर) · मिराणी फ्रेग्रन्स (रायपुर) · मिराणी इंफ्रा डेवलपर्स (रायपुर)
· मिराणी फार्म्स (रायपुर) · मिराणी वेयरहाउस (मुंबई)
· मिराणी ग्लोबल फाइनेंस (मुंबई)

# रायपुर-रीवा हवाई सेवा के लिए साय की सराहना, रीवा में नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों के मध्य क्षेत्रीय विकास, आपसी समन्वय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि अब रीवा-रायपुर से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ गया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साझा प्रयासों से दोनों राज्यों के लोगों को हवाई सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया और आगे भी दोनों राज्यों के साझा हितों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने की सौजन्य मुलाकात

### रीवा में नालंदा तर्ज पर लाइब्रेरी खोलने की घोषणा

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजधानी स्थित नालंदा परिसर लाइब्रेरी का अवलोकन किया और सराहना की। उन्होंने इस मॉडल से प्रभावित होकर मध्यप्रदेश के रीवा में भी इसी तर्ज पर लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लाइब्रेरी के फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर और टैरेस का अवलोकन करते हुए पुस्तक वितरण प्रणाली और अध्ययन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कम शुल्क में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि नालंदा परिसर लाइब्रेरी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं युवाओं को सही दिशा प्रदान करती हैं और उनकी ऊर्जा का समुचित उपयोग सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में युवा अध्ययन कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं। ऐसे युवा देश और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### राजधानी सहित प्रदेश में नई नालंदा लाइब्रेरी स्थापित होंगी- ओपी

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नालंदा परिसर लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, जहां 24×7 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी का निर्माण डीएमएफ फंड एवं अन्य सहयोग से किया गया है तथा वर्तमान में इसका संचालन शुल्क और दानदाताओं के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य में राजधानी सहित कुल 42 ऐसी लाइब्रेरी स्थापित की जा रही हैं।

### संचालन के लिए बनी समिति

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि लाइब्रेरी के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसके अंतर्गत सभी लाइब्रेरियों को एकीकृत किया गया है, जिससे संचालन में सुविधा हो रही है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी से हर वर्ष यूपीएससी और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो रहा है। साथ ही लाइब्रेरी में बीपीएल वर्ग के विद्यार्थियों से 200 रुपये प्रति माह तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों से 500 रुपये प्रति माह शुल्क लिया जाता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप, एडीएम उमाशंकर बंदे, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डिप्रेशन... होटल की दूसरी मंजिल से युवती ने कूदकर की खुदकुशी

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल की दूसरी मंजिल से कूदकर एक युवती ने खुदकुशी कर ली। पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है उसके मुताबिक युवती बाइपोलर डिसआर्डर नामक गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। बाइपोलर डिसआर्डर बीमारी में इंसान अचानक डिप्रेशन का शिकार हो जाता है या फिर किसी बात को लेकर एक्साइट हो जाता है। पुलिस के अनुसार हनी गुप्ता (25) ने सिद्धि विनायक होटल की छत से कूदकर खुदकुशी की। युवती छत से कूदी तब उनकी सांसें चल रही थी। मौके पर उपस्थित जीआरपी के जवान युवती को उपचार कराने के लिए तत्काल आंबेडकर अस्पताल लेकर गए, जहां युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवती होटल कैसे पहुंची, फिलहाल पुलिस को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। युवती सड्डू स्थित कचना में अपने पिता तथा भाईयों के साथ रहती थी। युवती की मां का उसके पिता के साथ तलाक हो चुका है।

## कांग्रेस विधायकों ने किया सदन से बहिर्गमन

# जंबूरी के मामले में कांग्रेस ने की जांच की मांग, शिक्षा मंत्री ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा में जम्बूरी आयोजन पर कांग्रेस विधायक राघवेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए इसकी विधायक दल की समिति से जांच कराने की मांग की, जिस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मंत्री की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं आने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक सदन से बहिर्गमन कर गए।

प्रश्नकाल में राघवेन्द्र कुमार सिंह ने पूछा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाइड परिषद के अध्यक्ष कौन हैं? क्या राज्य के शिक्षा मंत्री को ही पदेन अध्यक्ष बनाए जाने संबंधित कोई स्थाई आदेश/निर्देश है? जम्बूरी आयोजन को बालोद में कराए जाने संबंधित निर्णय कब व किसके द्वारा लिया गया? क्या इस आयोजन को पूर्व में रायपुर में कराए जाने का निर्णय लिया गया था? यदि हां, तो स्थल परिवर्तन करने के पीछे का कारण क्या है? स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की ओर से जवाब आया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाईड परिषद के पदेन अध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री होते हैं। बालोद में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी आयोजन का निर्णय राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली ने 14 नवम्बर 2025 को लिया गया। जम्बूरी आयोजन हेतु क्रियान्वयन एजेंसी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद को बनाया गया। आयोजन हेतु 5 करोड़ आबंटित किए गए। आबंटित राशि का उपयोग एरीना निर्माण, शौचालय निर्माण, जल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, आवास हेतु टेंट, कार्यक्रम हेतु डोम, बेरिकेट, भोजनालय एवं प्रिंटिंग आदि कार्यों में किया गया है। राशि व्यय करने के लिए छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम में निहित प्रक्रिया अपनाई गई।



### जांच से इनकार, विपक्ष का बहिर्गमन

राघवेन्द्र सिंह ने कहा, 10 दिसम्बर वाला टेंडर निरस्त किया जाता है, फिर दोबारा टेंडर होता है, जो 4 दिसम्बर को ओपन होता है। 9 जनवरी को आयोजन स्थल पूरी तरह तैयार भी हो जाता है। यह सब कैसे हो गया? उन्होंने कहा, 10 तारीख को जो टेंडर जारी होता है उसमें 90 प्वाइंट होते हैं। उसे निरस्त कर 52 प्वाइंट पर लाया जाता है। टेंडर जारी होने से पहले जिस तरह काम शुरु हो गया, इसकी क्या विधायक दल की समिति से जांच कराएंगे? मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा, विधायक दल की समिति आखिर किस बात की जांच करेगी। आयोजन में राष्ट्रीय स्तर का पार्ट अलग था और हमारा पार्ट अलग। हमारा पार्ट 10 दिसम्बर के बाद का था। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पूर्व में भी इसी सदन में जम्बूरी को लेकर प्रश्न उठ चुका है। मंत्री की ओर से सही जवाब नहीं आ रहा है, इसलिए बहिर्गमन करते हैं।

### राज्य परिषद के निर्णय से जंबूरी का टेंडर

राघवेन्द्र सिंह ने कहा, 13 दिसम्बर 2025 को जम्बूरी अध्यक्ष पद पर आपकी नियुक्ति हुई, जबकि आयोजन का टेंडर 10 दिसम्बर 2025 को हो गया, यह किस आधार पर हुआ? मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जम्बूरी के आयोजन को लेकर भारत सरकार की चिट्ठी अप्रैल 2025 में जारी हुई थी, जिसके आधार पर टेंडर हुआ। आयोजन स्थल के चयन के लिए टीम दिल्ली से आई थी। टीम ने नया रायपुर व बालोद दोनों स्थानों को देखा। मेरे जम्बूरी अध्यक्ष बनने से पहले तय हो चुका था कि आयोजन बालोद में होगा। टेंडर प्रक्रिया मेरे कहने पर नहीं हुई। राज्य परिषद की बैठक 19 नवंबर 2025 को हुई थी, मेरे अध्यक्ष बनने से पहले। टेंडर के पीछे निर्णय परिषद का रहा।

## छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित

विधानसभा में बुधवार को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित हुआ। विधेयक पर विपक्ष ने आपत्ति की। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, बिना वित्तीय पत्रक के विधेयक को पारित करना ठीक नहीं है। संशोधक विधेयक के प्रावधान से वित्तीय हानि की संभावना है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विपक्ष की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा, वित्तीय हानि नहीं होगी। विधेयक के लिए वित्तीय पत्रक की आवश्यकता नहीं है। विधेयक के दूरगामी परिणाम को लेकर विधायक उमेश पटेल ने कहा, अगर यह परंपरा बनी तो आगे किसी भी तरह का लॉस हुआ तो किसी भी विधायक को बताया नहीं जाएगा। उन्हें जानकारी नहीं होगी तो इस पर कैसे चर्चा की जाएगी। वित्तीय पत्रक प्रस्तुत न करें तो यह गलत परंपरा की शुरुआत है और आगे इसमें खतरनाक परिणाम आ सकते हैं। विपक्ष के विरोध के बीच सत्ता पक्ष के बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक पारित हो गया।



**राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली मजबूत होगी-** विधेयक में राजस्व मामलों के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने, राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने और छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 के अधीन विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन किया गया है। धारा 44 की उप-धारा (2) के खण्ड (क) और धारा 50 में प्रस्तावित संशोधन लंबित अपील एवं पुनरीक्षण मामलों के निपटारे में तेजी लाने के उद्देश्य से किए गए हैं। इन संशोधनों से संभागीय आयुक्त को लंबित मामलों का प्रभावी ढंग से निपटारा करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। परिणामस्वरूप, पात्र लोगों को अपील के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी और संपत्ति संबंधी विवादों के लंबे समय तक चलने से होने वाले वित्तीय नुकसान में कमी आएगी।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹114547/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹139900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹152714/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


हिन्दू नववर्ष के स्वागत और आदि शक्ति की आस्था में सजेंगे नौ दिन

# चैत्र नवरात्रि की आज शुरुआत,पहले ही दिन शुक्ल, ब्रम्ह और सर्वार्थ सिद्धि योग, अभिजित मुहूर्त में आज घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदि शक्ति के उपासकों और साधकों का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। माता का आगमन होने के साथ ही सनातन धर्मानुरागी हिन्दू नववर्ष का स्वागत करेंगे। भक्तों और साधकों को पहले ही दिन शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग मिल रहा है। यह विशेष योग पूजा-पाठ और साधना करने वालों के लिए उत्तम फलकारी माना जाता हैं। वहीं अधिकांश देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त यानी 11.36 से दोपहर 12.24 के बीच विधि-विधान से घट स्थापना की जाएगी। महामाया मंदिर के पुजारी एवं कथा वाचक पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मंदिर में माता के दरबार में चकमक पत्थर ▶▶|शेष पेज 4 पर



### तीन योग बन रहे

इस बार नवरात्र में जहां तीन योग बन रहे हैं, वहीं एक विशेष संयोग यह है कि इसमें भक्तों को तिथियों के अनुसार नौ दिन भक्ति के लिए मिलेंगे। इस बार घट स्थापना के लिए लोगों को दिनभर में कई मुहूर्त मिलेंगे। सुबह से शाम तक तय मुहूर्त में कलश स्थापित करते हुए साधक उपासना शुरू कर सकते हैं। इसके साथ ही तीन योगों का मिल रहा संयोग भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित करने वाला है।

### दिनभर मिलेंगे स्थापना के लिए मुहूर्त

*इस साल चैत्र नवरात्र में घट स्थापना के लिए शुभ की चौघड़िया के रूप में सुबह 6 से 7.30, उत्तम की चौघड़िया लोगों को सुबह 9 से 10.30 बजे तक मिलेगी। इसके बाद लाभ की चौघड़िया दोपहर 12 बजे शुरू होने के बाद 1.30 बजे तक प्रभावी होगा। इस बीच में ही 11.36 से 12.24 के बीच मिलने वाले अभिजीत मुहूर्त में अधिकांश देवी मंदिरों में घट स्थापना की तैयारी है। इसके बाद भी गृहस्थ उपासकों को अमृत का चौघड़िया दोपहर 1.31 से 3 बजे तक और इसके बाद शुभ का मुहूर्त शाम 4.30 से 6 बजे तक मिलेगा।*

## पीएम मोदी और पेट्रोलियम मंत्री पुरी के बीच दो घंटे चली बैठक

केंद्र सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का किया वादा

# खत्म होगा संकट, राज्यों को मिलेगी अब 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी

*अमेरिका-इजरायल की ईरान से युद्ध के कारण भारत में एलपीजी की किल्लत और अफरा-तफरी की खबरें हैं। कच्चे तेल-गैस की सप्लाई को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। केंद्र सरकार ने राज्यों को 10 फीसदी अतिरिक्त एलपीजी देने का ऑफर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी ▶▶|शेष पेज 4 पर







### तेल संकट पर पीएम मोदी ने की बैठक

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संसद भवन में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक की। इसमें कच्चे तेल और गैस की उपलब्धता, उनके इम्पोर्ट और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की गई। करीब 2 घंटे चली बैठक में सरकार ने अपने आपातकालीन तेल भंडार की भी समीक्षा की है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### 15 राज्यों को दिया गया निर्देश

अब तक 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने एलपीजी वितरण दिशानिर्देश जारी किए हैं। खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है।

### रूसी तेल का टैंकर 21 को पहुंचेगा भारत

*रूसी तेल को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन जा रहे रूसी तेल से लदे टैंकर दक्षिण चीन सागर में यू-टर्न लेकर लौट गया है और अब भारत की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, क्योंकि भारत ने रूस से अपने आयात को दोगुना कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने रूसी तेल खरीद को तेजी से बढ़ा रहा है, जिस कारण चीन जा रहे जहाजों को अब भारत के लिए मोड़ दिया गया है और इसमें से एक जहाज 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने वाला है। जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, इस शिप को जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से लोड किया था।*

नाटो ने खींचे हाथ तो अकेले संभाला मोर्चा

# होर्मुज के रास्ते पर ट्रंप ने गिराया 5000 पाउंड का बम

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

मिडल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के बीच एक ऐसी खबर आई है जिसने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जानकारी दी है कि 17 मार्च 2026 को अमेरिकी सेना ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने के लिए एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया है। इस कार्रवाई के तहत ईरान के तटीय इलाकों में स्थित उन मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया है। जो इस समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों के लिए बड़ा खतरा बने हुए थे। अमेरिका का दावा है कि ये ईरानी एंटी-शिप मिसाइलें वैश्विक व्यापार और तेल की सप्लाई को बाधित कर रही थीं। इस हमले की सबसे चौंकाने वाली बात इसमें इस्तेमाल किए गए हथियार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक. अमेरिका ने 'बंकर बस्टर' कहे जाने वाले डीप पेनिट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया है।



### इधर, तुर्की का अमेरिकी फाइटर जेट को बेस देने से इंकार

कई यूरोपीय देशों के बाद तुर्की ने भी ट्रंप को झटका देते हुए अमेरिका के उन अनुरोधों पर कोई जवाब नहीं दिया है, जिसमें वाशिंगटन ने उसकी जमीन पर फाइटर जेट उतारने की मांग की थी। इसे अमेरिका के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। क्योंकि तुर्की अमेरिका के साथ नाटो में शामिल है। मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के तुर्की कार्यक्रम की संस्थापक निदेशक गोनुल टोल ने बताया, अमेरिका यह चाह रहा है कि उसके फाइटर जेट को ईंधन भरने के लिए तुर्की जमीन दें। ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध के लिए तुर्की इजराइल को जिम्मेदार मानता है और युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता कर रहा है। **घर में भी हो रहा ट्रंप का विरोध** - ईरान के साथ चल रहे इस युद्ध को लेकर खुद अमेरिका के भीतर भी दरारें दिखने लगी हैं। यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले जून 2025 में भी अमेरिका ने 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया था। लेकिन मौजूदा हमले के बाद नेशनल एंटी टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है।

# लगातार चार जिलों में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद



*प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु स्थापित करेंगे जन-प्रतिनिधियों और अतिथियों से विभिन्न मुद्दों पर संवाद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम 21 से 24 मार्च तक लगातार चार जिलों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जन प्रतिनिधियों, अतिथियों एवं जनता से विभिन्न मुद्दों पर संवाद स्थापित करेंगे। 21 मार्च को जिला संवाद कार्यक्रम बलौदाबाजार में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहेंगे। वहीं, 21 मार्च को मोहला-मानपुर में सांसद संतोष पाण्डेय, 23 मार्च को रामानुजगंज में कृषि मंत्री रामविचार नेताम और 24 मार्च को ▶▶|शेष पेज 4 पर

विधानसभा में 1.87 लाख करोड़ का विनियोग विधेयक पारित

# बजट पारित, वित्तमंत्री चौधरी ने कहा प्रदेश में विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- महतारी वंदन योजना के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1 लाख 87 हजार 500 करोड़ रुपये का व्यापक और जनोन्मुखी विनियोग विधेयक प्रस्तुत करते हुए राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत खाका सामने रखा है। बुधवार को चर्चा के बाद विनियोग विधेयक पारित हो गया। विधानसभा में इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, यह बजट राज्य के 3 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य समावेशी विकास, आर्थिक सुदृढ़ता तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तैयार इस बजट को सरकार ने "संकल्प आधारित बजट" बताया है, जो राज्य को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

वित्त मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि प्रस्तुत विनियोग विधेयक कुल विनियोग 1 लाख 87 हजार 500 करोड़ रुपये का है, जिसमें ऋणों का पुनर्भुगतान एवं अन्य समायोजन शामिल हैं। शुद्ध बजट आकार 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये ▶▶|शेष पेज 4 पर

### महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता

*मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। "महतारी वंदन योजना" के अंतर्गत राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के प्रभावी संचालन के लिए 8,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 को "महतारी गौरव वर्ष" घोषित कर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दी है। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी सेवाओं, पोषण आहार, महिला एवं बाल विकास योजनाओं के लिए भी पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है।*






60 फीसदी सीटों पर नहीं देना होगा अब सेलेक्शन चार्ज

# गुडन्यूज! अब फ्री में चुन सकेंगे फ्लाइट में पसंदीदा सीटें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने एयरलाइंस कंपनियों को निर्देश दिया है कि वो अपनी हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटों का चयन फ्री में मुहैया कराएं। ये फैसला यात्रियों से वसूले जा रहे एक्सट्रा सीट सिलेक्शन चार्ज को कम करने के मकसद से लिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ये आदेश डीजीसीए के माध्यम से जारी किया है। इसके तहत अब एयरलाइंस कंपनियां सभी सीटों पर मनमाने तरीके से चार्ज नहीं लगा सकेंगी और ज्यादातर सीटें बिना किसी एक्सट्रा फीस के चुनने के लिए उपलब्ध होंगी। अब तक, सिर्फ 20 प्रतिशत सीटें ही फ्री में उपलब्ध थीं, जबकि एयरलाइंस कंपनियां पसंदीदा सीटों के एक्सट्रा चार्ज ले रहीं थीं।



### एयरलाइंस को सरकार का आदेश

सरकार ने एयरलाइंस से ये भी कहा है कि वो यात्रियों के अधिकारों को साफ तरीके से अपनी वेबसाइट और टिकट प्लेटफॉर्म पर दिखाएं। इसमें देरी, कैंसिलेशन और बाकी सुविधाओं से जुड़े नियम शामिल होंगे, ताकि यात्रियों को पूरी जानकारी पहले से मिल सके. एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये कदम हवाई यात्रा को ज्यादा पारदर्शी और किफायती बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे आम यात्रियों को राहत मिलेगी और एयरलाइंस के एक्सट्रा चार्ज पर भी कंट्रोल रहेगा। हालांकि, इस फैसले का असर एयरलाइंस कंपनियों की कमाई पर पड़ सकता है, क्योंकि सीट सिलेक्शन चार्ज उनके लिए एक एक्सट्रा इनकम का सोर्स रहा है।

### क्यों लिया गया ये फैसला?

दरअसल, पिछले कुछ समय से यात्रियों की ओर से शिकायतें मिल रही थीं कि टिकट बुकिंग के बाद सीट चुनने के लिए अलग से पैसे वसूले जाते हैं। खासतौर पर विंडो सीट, आगे की सीट या साथ बैठने के लिए यात्रियों को एक्सट्रा पेमेंट करना पड़ता था। सरकार ने इसे 'हिडन चार्ज' मानते हुए इस पर सख्ती दिखाई है। नए नियम के मुताबिक, एयरलाइंस को ये सुनिश्चित करना होगा कि कम से कम 60% सीटें बिना शुल्क के चयन के लिए उपलब्ध हों. हालांकि, बाकी 40% सीटों पर एयरलाइंस अपनी नीतियों के मुताबिक चार्ज ले सकती हैं। इसके अलावा सरकार ने एक और अहम निर्देश दिया है कि एक ही पीएनआर (पीएनआर) पर यात्रा कर रहे यात्रियों (जैसे परिवार या ग्रुप) को मुमकिन हो तो साथ बैठाया जाए। इससे यात्रियों को यात्रा के दौरान अलग-अलग सीटों पर बैठने की परेशानी से राहत मिलेगी।

## चिंतन

# युद्ध रुकवाने में कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करे भारत

दुनिया एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। अलग-अलग मोर्चों पर भड़कते संघर्ष न केवल क्षेत्रीय शांति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे समय में भारत की कूटनीतिक भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने हमेशा से ही एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाई है, जो आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो, अफगानिस्तान में सत्ता परिवर्तन का दौर हो या पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव। भारत ने हर मोर्चे पर अपने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ वैश्विक संतुलन को भी प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि भारत एक साथ रूस से हथियार और ऊर्जा संसाधन लेता है तो यूक्रेन के साथ भी मानवीय संबंध बनाए रखता है। यह संतुलन केवल नीति नहीं, बल्कि एक परिपक्व कूटनीतिक सोच का प्रतीक है। आज स्थिति यह है कि भारत के संबंध अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों के साथ मजबूत और विश्वासपूर्ण हैं। यही कारण है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र से भारत के तीन जहाज (दो एलपीजी के और तेल से भरा) सुरक्षित निकलकर देश तक पहुंच पाए हैं। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि विश्वास और संवाद पर आधारित कूटनीति का परिणाम है। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत इस स्थिति का उपयोग केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित रखे या फिर एक बड़ी वैश्विक जिम्मेदारी निभाने की दिशा में कदम बढ़ाए? स्पष्ट रूप से, यह समय भारत के लिए एक निर्णायक अवसर लेकर आया है। भारत यदि चाहे तो वह एक मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए युद्ध विराम की दिशा में पहल कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले कुछ वर्षों में एक नया आत्मविश्वास प्राप्त किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा भारत के साथ संवाद स्थापित करना और मानवीय सहायता को स्वीकार करना इस बात का संकेत है कि भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, युद्ध में शामिल पक्षों के अपने-अपने रणनीतिक हित, राजनीतिक दबाव और क्षेत्रीय समीकरण हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता आसान नहीं होती। इतिहास गवाह है कि कठिन परिस्थितियों में ही बड़े कूटनीतिक कदम उठाए जाते हैं। भारत के पास वह नैतिक आधार, विश्वसनीयता और संतुलित दृष्टिकोण है, जो उसे इस भूमिका के लिए उपयुक्त बनाता है। दिलचस्प यह भी है कि घरेलू राजनीति में मतभेदों के बावजूद, विदेश नीति के इस पहलू पर व्यापक सहमति दिखाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं जैसे शशि थरूर और मनीष तिवारी द्वारा सरकार की कूटनीति की सराहना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर एक साझा दृष्टिकोण बन रहा है। यह भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का भी संकेत है। आज दुनिया को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो टकराव के बजाय संवाद को प्राथमिकता दे। जो शक्ति प्रदर्शन के बजाय शांति स्थापना को महत्व दे। भारत की परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम" इसी विचार को आगे बढ़ाती है। यह केवल एक आदर्श वाक्य नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक कूटनीतिक दर्शन है, जिसे आज के समय में लागू करने की आवश्यकता है। अब समय है पहल का, क्योंकि शांति की हर कोशिश भविष्य को सुरक्षित बनाती है।



विभीषिका

ममता कुशवाहा

युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता। निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।


# विनाश के बीच विलुप्त होती संवेदनाएं

आज जब विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के सहारे मानव सभ्यता अभूतपूर्व प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर है, उसी समय विश्व के अनेक हिस्सों में युद्ध का उन्माद मानवीय मूल्यों को रौंदता हुआ आगे बढ़ रहा है। यह विरोधाभास अत्यंत पीड़ादायक है कि एक ओर मनुष्य अंतरिक्ष में नई सीमाएं खोज रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जीवन को सुगम बना रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी मनुष्य के भीतर हिंसा, प्रतिशोध और वर्चस्व की प्रवृत्तियां इतनी प्रबल हो उठी हैं कि वह अपने ही अस्तित्व के मूल आधार मानवता को नष्ट करने पर आमादा है। गाजा से लेकर यूक्रेन और अफगानिस्तान तक फैले युद्ध के दृश्य यह संकेत देते हैं कि आधुनिक सभ्यता की चमक के पीछे एक गहरा अंधकार भी मौजूद है, जिसमें संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। युद्ध की त्रासदी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसकी कीमत वे लोग चुकाते हैं, जिनका युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं होता।

निर्दोष नागरिक, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग, ये सभी इस हिंसा के सबसे आसान शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में काबुल में हुए हवाई हमले में अस्पताल को निशाना बनाया जाना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर अपराध है। अस्पताल, जो जीवन बचाने का प्रतीक होता है, जब वही विनाश का केंद्र बन जाए तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर प्रहार है। चार सौ निर्दोष लोगों की मृत्यु केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि चार सौ परिवारों के उजड़ने की कहानी है, चार सौ सपनों के टूटने की पीड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और युद्ध संबंधी नियम, जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन जैसे समझौतों के माध्यम से स्थापित किया गया है, स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करते हैं कि युद्ध के दौरान नागरिकों, अस्पतालों, स्कूलों और शरणार्थी शिविरों को निशाना नहीं बनाया जाएगा। इन नियमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध की विभीषिका के बीच भी कुछ मानवीय मर्यादाएं बनी रहें। किंतु वर्तमान समय में इन नियमों का उल्लंघन जिस निर्लज्जता के साथ किया जा रहा है, वह चिंताजनक है।

यह केवल नियमों की अवहेलना नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि शक्ति और प्रभुत्व की राजनीति ने नैतिकता को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। युद्ध के पीछे निहित कारणों की पड़ताल करें तो स्पष्ट होता है कि यह केवल सीमाओं या संसाधनों का संघर्ष नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक स्वार्थ और वैश्विक शक्ति संतुलन की जटिलताएं भी शामिल हैं। जब राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि मानकर निर्णय लेते हैं तो वे अक्सर मानवीय मूल्यों की उपेक्षा कर देते हैं।

यह प्रवृत्ति विशेष रूप से तब और खतरनाक हो जाती है, जब शक्तिशाली देश अपने प्रभाव का उपयोग करके अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को भी निष्क्रिय बना देते हैं। परिणामस्वरूप, संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं भी कई बार केवल दर्शक बनकर रह जाती हैं और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता। युद्ध का एक और भयावह पहलू



शरणार्थी संकट के रूप में सामने आता है। जब लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर होते हैं तो उनका जीवन असुरक्षा, अभाव और अनिश्चितता से भर जाता है।

भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनके जीवन को और भी कठिन बना देता है। विशेष रूप से बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है, जिनका बचपन भय और अस्थिरता के बीच बीतता है। यह केवल एक पीढ़ी का संकट नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि ऐसे माहौल में पले-बढ़े बच्चे अक्सर हिंसा और असुरक्षा के चक्र में फंस जाते हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में भी युद्ध की यह संवेदनहीनता अत्यंत चिंताजनक है। रमजान जैसे पवित्र महीने में हिंसा का बढ़ना यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षाओं का प्रभाव कम होता जा रहा है। धर्म, जो मूलतः शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देता है, जब राजनीति और सत्ता के उपकरण के रूप में उपयोग होने लगता है तो उसकी मूल भावना विकृत हो जाती है। यह स्थिति न केवल समाज को विभाजित करती है, बल्कि हिंसा को भी वैधता प्रदान करने का प्रयास करती है। मीडिया और तकनीक की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

आज युद्ध के दृश्य तुरंत पूरी दुनिया तक पहुंच जाते हैं, जिससे एक ओर जागरूकता बढ़ती है, वहीं दूसरी ओर संवेदनहीनता भी बढ़ने का खतरा रहता है। लगातार हिंसा के दृश्य देखने से लोगों के भीतर एक प्रकार की उदासीनता विकसित हो सकती है, जिससे वे इन घटनाओं को सामान्य मानने लगते हैं। यह स्थिति और भी खतरनाक है, क्योंकि जब समाज संवेदनहीन हो जाता है तो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है। इस पूरी स्थिति में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस हिंसा को रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या यह केवल सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का दायित्व है, या समाज और व्यक्तियों की भी इसमें कोई भूमिका है? वास्तव में, यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद का मार्ग अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करें और मानवाधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले देशों को जवाबदेह बनाया जा सके। समाज और नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। जागरूकता, सहानुभूति और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देकर ही हम इस संकट का सामना कर सकते हैं। शिक्षा और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि एक नई समस्या की शुरुआत है।


हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि शांति केवल समझौतों से नहीं, बल्कि मानसिकता के परिवर्तन से आती है। वास्तव में यह समय आत्ममंथन का है। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हमारी प्रगति वास्तव में हमें अधिक मानवीय बना रही है, या हम केवल तकनीकी रूप से उन्नत होकर नैतिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं। यदि मानवता को बचाना है तो हमें युद्ध के उन्माद से ऊपर उठकर शांति, सह-अस्तित्व और करुणा के मार्ग को अपनाना होगा। अन्यथा, इतिहास हमें एक ऐसी सभ्यता के रूप में याद करेगा, जिसने अपनी ही उपलब्धियों के बीच अपने मूल्यों को खो दिया।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवरात्रि का संदेश

मुनीष भाटिया



# शक्ति की आराधना और धर्म का सच्चा पालन

भारत की सनातन परंपरा में नवरात्रि केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्मशुद्धि और शक्ति-साधना का पावन काल है। यह वह समय है जब संपूर्ण सृष्टि आदिशक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना में लीन हो जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व हमें न केवल भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है, बल्कि धर्म, न्याय और मर्यादा के पालन की प्रेरणा भी देता है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की पूजा की जाती है। ये सभी स्वरूप केवल देवी के रूप नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के आंतरिक गुणों और आध्यात्मिक शक्तियों के प्रतीक हैं। शैलपुत्री हमें स्थिरता और संकल्प का संदेश देती हैं, ब्रह्मचारिणी तप और संयम का, चंद्रघंटा साहस का, और कात्यायनी धर्म और न्याय की रक्षा का प्रतीक हैं। शास्त्रों में कहा गया है-यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। यह वाक्य केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि हमारे धर्म का मूल सिद्धांत है।


नवरात्रि का पर्व हमें यही सिखाता है कि नारी केवल पूजनीय नहीं, बल्कि सृष्टि की मूल शक्ति है। मां दुर्गा स्वयं उस शक्ति का प्रतीक हैं, जो सृष्टि का निर्माण, पालन और संहार-तीनों करती हैं। जब हम अपने समाज की वास्तविकता को देखते हैं, तो एक गहरी विडंबना सामने आती है। एक ओर हम पूरे विधि-विधान से देवी की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति असम्मान और हिंसा की घटनाएं हमें विचलित करती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी चिंताजनक है, क्योंकि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि आचरण में प्रकट होना चाहिए। नवरात्रि हमें यह स्मरण कराती है कि असली पूजा मूर्ति की नहीं, बल्कि शक्ति के स्वरूप का सम्मान करने में है। यदि हम मंदिर में देवी के चरणों में फूल अर्पित करते हैं, लेकिन अपने घर, समाज या कार्यस्थल पर किसी महिला का अपमान करते हैं तो हमारी पूजा अधूरी है। धर्म का सार केवल मंत्रोच्चार में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार में निहित होता है। मां दुर्गा का प्रत्येक रूप हमें यह संदेश देता है कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चा धर्म है।

जब महिषासुर जैसे दानवों ने अत्याचार की सीमा पार कर दी, तब देवी ने उनका संहार कर धर्म की रक्षा की। यह कथा केवल पौराणिक नहीं, बल्कि एक शाश्वत सत्य है कि जब भी अन्याय बढ़ता है, तब शक्ति का प्रकट होना आवश्यक होता है। आज के संदर्भ में यह शक्ति केवल देवी के रूप में नहीं, बल्कि समाज की प्रत्येक महिला और बालिका के रूप में उपस्थित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखें। नवरात्रि का उपवास केवल शरीर को शुद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि मन और विचारों को भी पवित्र करने का अवसर है। धार्मिक दृष्टि से यह भी आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को केवल पूजा की विधि ही न सिखाएं, बल्कि नारी सम्मान, मर्यादा और सदाचार के संस्कार भी दें। जब तक हमारी आने वाली पीढ़ी यह नहीं समझेगी कि हर महिला में देवी का अंश है, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। इसके साथ ही आत्मरक्षा भी एक प्रकार की धर्म-साधना है। जैसे मां दुर्गा ने अपने अस्त्र-शस्त्रों से अधर्म का नाश किया, वैसे ही आज की महिलाओं को भी अपने आत्मबल और साहस को जागृत करना होगा। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक प्रकार का धर्म पालन है। समाज और परिवार को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि नारी की गरिमा बनी रहे। यदि किसी भी रूप में उसका अपमान होता है तो उसके विरुद्ध आवाज उठाना केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि धार्मिक उत्तरदायित्व भी है। अंततः, नवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि 'शक्ति की उपासना तभी पूर्ण होती है, जब हम उस शक्ति का सम्मान अपने व्यवहार में भी करें।' इस स्थिति से निपटने के लिए केवल कानून और दंड पर्याप्त नहीं होंगे, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

सबसे पहले, बच्चों को केवल पढ़ाई-लिखाई ही नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि वे सम्मान, संवेदना और सह अस्तित्व जैसे जीवन के मूल सिद्धांतों को समझ सकें। सच्ची नवरात्रि वही होगी, जब हमारे मंदिरों के साथ-साथ हमारे मन भी पवित्र हों, और हमारे कर्म यह प्रमाण दें कि हम वास्तव में शक्ति के उपासक हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित

दर्शन

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता।इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे।

## चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित

प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे। संयोग से होने वाले सुख का नमूना तो देख ही लिया; लेकिन अब भी चेत नहीं करते फिर और चाहते हैं कि संयोग से सुख ले लें।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**पग-पग पर लगा व्यसनों बाजार**

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। *-विजय कुमार साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर


### एनडीआरएफ के लिए अतिरिक्त बटालियन की कमी पर चिंता

संसद की एक स्थायी समिति ने इस बात पर चिंता जाहिर की है कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की परिचालन जिम्मेदारियां बढ़ने के बावजूद पिछले तीन वर्षों में इसके लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई। संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत रिपोर्ट में, गृह मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति ने आपदा प्रतिक्रिया में एनडीआरएफ की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और अतिरिक्त कर्मियों के लिए आवश्यक वित्तपोषण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। भाजपा सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने बल की विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आपदा प्रबंधन में निभाई गई भूमिका और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता अभियानों में इसके योगदान की भी प्रशंसा की। समिति ने 2026-27 की अनुदान मांगों पर अपनी 257वीं रिपोर्ट में कहा ' ' बढ़ती परिचालन जिम्मेदारियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में एनडीआरएफ के लिए कोई अतिरिक्त बटालियन नहीं खड़ी की गई है और तैनात बल (14,837) स्वीकृत बल (18,581) से काफी कम है। समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से कहा कि वह मानव संसाधन में अंतर का मूल्यांकन करे और रिक्तियों को भरने के उपाय तेज करे ताकि परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जा सके।




## ऑफ बीट

### लद्दाख-मंगोलिया से आए प्रवासी पक्षी राजहंस बने आकर्षण का केंद्र



सर्दी के जाने के साथ-साथ राजस्थान की झीलों और तालाबों से प्रवासी पक्षियों की विदाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन जयपुर के निकट चाकसू क्षेत्र में बोरखेड़ा गांव का तालाब इन दिनों एक अलग ही कहानी बयां कर रहा है। लद्दाख, मंगोलिया और तिब्बती पठार में पाए जाने वाले और सर्दी में उच्च हिमालय को पार कर दक्षिण एशिया की ओर प्रवास करने वाले प्रवासी पक्षी 'बार हेडेड गूज' जयपुर के निकट डेरा डाले हुए हैं। एक-दो की नहीं बल्कि 500 से अधिक 'बार-हेडेड गूज' के तीन बड़े-बड़े झुंड पक्षी प्रेमियों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पक्षी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय बोलचाल में राजहंस के नाम से जाने-पहचाने वाले बार-हेडेड गूज सबसे ऊंचाई तक उड़ान भरने वाले पक्षियों में गिने जाते हैं। ये पक्षी 12,000 से 14,000 फुट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं और प्रतिदिन बिना रुके लगभग 1,600 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम होते हैं। उन्होंने बताया कि इनके शरीर में पाया जाने वाला विशेष प्रकार का हीमोग्लोबिन कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में भी अधिक ऑक्सीजन अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे ये हिमालय के ऊंचे दर्रों को पार कर पाते हैं। पक्षी विशेषज्ञ शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूख चुका है।

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आपका समृद्ध अनुभव और समाज के वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील दृष्टि पिछड़े वर्गों के कल्याण को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### दिल्ली निवेश के लिए तैयार



दिल्ली ऐतिहासिक धरोहरों और विश्वस्तरीय पर्यटन स्थलों के साथ-साथ अपार अवसरों का शहर है। ऑरेंज इकॉनमी, डाटा सेंटर, आईटी हब और मेडिकल सेंटर्स जैसे विविध क्षेत्रों में दिल्ली निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### लॉ एंड आर्डर



उप्र में लॉ एंड आर्डर को ही गोली मार दी गयी है। मुख्यनगर गोरखपुर में दिनदहाड़े हुआ ये हत्याकांड बता रहा है कि बेख़ौफ़ अपराधियों को किसका प्रश्रय प्राप्त है। जनता समझदार है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### गैस की कालाबाजारी



मुख्यमंत्री का यह दावा कि "गैस की कोई कमी नहीं है", जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए जनता पर नियम थोपने के बजाय आपूर्ति सुनिश्चित करे और कालाबाजारी पर लगाम लगाए।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### अनुचित साधन क्या हैं

परीक्षाओं में नकल या गड़बड़ी के मामलों को अनुचित साधन कहा जाता है, सवाल ये है कि अनुचित साधन क्या हैं। विधेयक में अपराधों की एक विस्तृत सूची तैयार की गई है, जिनमें शामिल हैं। प्रश्नपत्र या उत्तर कुंजी को समय से पहले लीक करना या प्रकट करना। परीक्षार्थी के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति का परीक्षा देना (प्रतिरूपण)। उत्तर पुस्तिकाओं या मूल्यांकन के अंकों में हेराफेरी करना। नकली वेबसाइट बनाकर धोखाधड़ी करना या फर्जी प्रवेश पत्र या नियुक्ति पत्र जारी करना। परीक्षा प्रक्रिया में बाधा डालना या अधिकृत कर्मचारियों को डराना-धमकाना शामिल है।

### संपत्ति की कुर्की और वसूली

नए कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि कोई संस्थान या व्यक्ति संगठित अपराध के जरिए अवैध लाभ कमाता है, तो उसकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। इसके अलावा, अपराध के कारण परीक्षा रद्द होने पर होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई भी दोषी व्यक्ति या संस्था से 'अनुपातिक लागत' के रूप में की जाएगी। यह अधिनियम पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावी होगा और राज्य सरकार जल्द ही इसे राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से लागू करेगी। इस कानून के आने से ईमानदार परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा होने और भर्ती प्रक्रियाओं में शुचिता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**सरकार ने बनाया नया विधेयक**

# परीक्षाओं में धांधली पर सख्ती, अब 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी नौकरियों और व्यावसायिक परीक्षाओं में होने वाली नकल, पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए शिकंजा कस दिया है। राज्य विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2026' पेश किया गया है। इसमें संगठित अपराध करने ▶▶|शेष पेज 4 पर




■ अनुचित साधनों के साथ पकड़े गए तो कड़ा दंड

**नकलचियों पर 3 साल तक का प्रतिबंध**

नए कानून के मुताबिक, यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों (जैसे नकल सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी की सहायता लेना) का उपयोग करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसका परीक्षा परिणाम रोक दिया जाएगा। इसके साथ ही उसे आगामी 1 से 3 साल तक के लिए किसी भी लोक परीक्षा में बैठने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**इंदौर में अग्निकांड कारोबारी के आठ रिश्तेदारों की गई जान**

# 'ईवी चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट के बाद मकान में आग, 8 जिंदा जले

इंदौर में इलेक्ट्रिक कार में चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने तीन मंजिला मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में रबर कारोबारी मनोज पुगलिया, उनकी गर्भवती बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मारे गए लोगों में से 6 मनोज के रिश्तेदार थे, जो मंगलवार को बिहार के किशनगंज से आए थे। इधर, दिल्ली के एक बिल्डिंग में आग लगने से नौ की जान चली गई।

एजेंसी ▶▶| इंदौर

इंदौर में तीन मंजिला मकान के बाहर बुधवार तड़के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इस इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई।

■ पीएम मोदी ने जताई संवेदना, सहायता राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने से मैं अत्यंत व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने इस घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और हर घायल को 50,000-50,000 रुपए की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) के जरिये देने की घोषणा की। इस बीच, प्रदेश सरकार ने विशेषज्ञों की समिति से इस घटना की विस्तृत जांच कराए जाने और ईवी चार्ज करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कराए जाने की घोषणा की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई ने बताया कि ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक मकान में बुधवार तड़के 03:30 बजे से 04:30 बजे के बीच आग लगी।



**कार को किया जा रहा था चार्ज**

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। उन्होंने कहा, चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया। उन्होंने बताया कि घर के दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे और इस कारण पुलिस को दरवाजे तोड़कर अंदर जाने में मुश्किल पेश आई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि घर के भीतर रखे रसोई गैस के सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग ने और विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने कहा, आग लगने के दौरान घर में फंसे तीन लोगों को बाहर निकालकर बचाया गया।

**इनकी हुई मौत**

घनघोरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान तन्मय (छह), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) के रूप में हुई है। आग लगने के बाद बचाए गए दो लोगों को भी अस्पताल लाया गया था। हालांकि, उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद अपना इलाज दूसरे अस्पताल में कराने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## इमारत में आग, एक ही परिवार के नौ की मौत



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाई थी। यह इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में है। इमारत के 'बेसमेंट', भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी से फैल गई।

**इनकी हो गई मौत**

मृतकों की पहचान राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियों के रूप में हुई। उनकी तीन बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी इस अग्निकांड में मौत हो गई। राजेन्द्र और लाडो का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इसके तुरंत बाद उसने खुद भी छलांग लगा दी।"

**सीएम साय ने दिए सख्त निर्देश**

## दबावपूर्वक सीवरेज की सफाई कराई तो खैर नहीं

■ केवल नगर निगम अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही कराया जाए सीवरेज सफाई का कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि राज्य में जबरन दबावपूर्वक मैनुअल स्केवेंजर्स का कार्य करवाने वाले व्यक्तियों पर कड़ाई से कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीवरेज सफाई के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतर्गत केवल नगर निगम के माध्यम से अथवा पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से ही सीवरेज सफाई का कार्य करवाया जाए। साथ ही सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिए, जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना होने पाए। ▶▶|शेष पेज 4 पर

**मजदूरों की मौत पर जताई संवेदना**

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंगलवार को राज्य के एक निजी बड़े हॉस्पिटल में सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान तीन मजदूरों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित वर्ग को हर संभव सहायता दी जाए साथ ही घटना के जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कड़ी ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन**

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के परिपालन में गाइडलाइन अनुसार प्रदेश के समस्त जिलों में मैनुअल स्केवेंजर्स रिसर्वे करवाया गया है, जिसमें सभी जिला कलेक्टर द्वारा मैनुअल स्केवेंजर्स मुक्त का प्रमाण पत्र दिया गया है, जो कि प्रदेश के लिए बहुत ही सम्मान एवं गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाने की प्रथा मानवीय मूल्यों एवं संविधान द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों के विपरीत है। समाज में हर व्यक्ति को पूरे सम्मान के साथ जीने का अधिकार है।

**खबर संक्षेप**

### वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने वालों को पकड़ा



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि वंदे भारत ट्रेन में लगाए गए हाई-रिजोल्यूशन कैमरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक की मदद से अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले लोगों को पकड़ने में मदद मिली।

### ट्रक पलटने से दबे दो मजदूरों की मौत

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रक पलटने से उसके नीचे दबने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना मुबारकपुर गांव के पास हुई जहां गिट्टियों से लदे ट्रक की कमानी टूट जाने से पूरा वजन एक तरफ आ गया और वाहन पलट गया।

### गर्भवती यूट्यूबर की हत्या, पति गिरफ्तार



**करीमनगर।** तेलंगाना के जगतियाल जिले में एक गर्भवती यूट्यूबर की उसके पति ने कथित तौर पर हत्या कर दी। गर्भवती यूट्यूबर की पहचान वैष्णवी (20) के रूप में हुई है। वह मंगलवार को माधापुर गांव में अपने माता-पिता के घर पर खून से लथपथ पाई गई थी।

### खंभे से टकराया स्कूटर तीन मेडिकल छात्रों की मौत

**कोझिकोड।** कोझिकोड में कोयिलांडी के पास हुए एक सड़क हादसे में तीन मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। तीनों छात्र एक स्कूटर पर सवार थे और देर रात करीब दो बजे उनका वाहन बिजली के एक खंभे से टकरा गया। तीनों छात्रों की आयु करीब 19 वर्ष थी और वे यहां के मालाबार क्रिश्चियन कॉलेज में एमबीबीएस के विद्यार्थी थे।

**मंत्रिमंडल ने 33,660 करोड़ की 'औद्योगिक विकास योजना' को दी मंजूरी**

# 'भव्य' पर मुहर, देश में बनेंगे 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपए की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा ▶▶|शेष पेज 4 पर



**15 लाख रोजगार का अनुमान**

भव्य योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही, यह पहल एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण इकाइयों और वैश्विक निवेशकों को तैयार औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराकर निवेश को आकर्षित करेगी। इन औद्योगिक पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक समर्थन दिया जाएगा।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

**2,585 करोड़ की स्मॉल हाइड्रो पावर स्कीम**

केंद्र सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 2,585 करोड़ रुपए की स्मॉल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट स्कीम को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत 1,500 मेगावाट क्षमता की छोटी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जाएंगी।

**सरकार खरीदेगी पूरी उपज**

केंद्र सरकार ने कपास किसानों को राहत देने के लिए कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को 1,718.56 करोड़ रुपए की फंडिंग मंजूर की है। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया।

## प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले 4 तस्करों को 10-10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

कोर्ट ने प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले 4 तस्करों को 10 - 10 साल कैद व 1 - 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।29 जून 2025 को मस्तूरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खैरा में झिरिया मंदिर के पास तीन बाइक सवार युवक प्रतिबंधित कफ सिरप बैग में रखकर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। एएसआई डीएस मरावी ने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी करते हुए भूपेन्द्र साहू पिता देव कुमार साहू 19 साल निवासी खैरा, संस्कार खाण्डेकर पिता श्यामलाल खाण्डेकर 20 साल निवासी पाराघाट, मंजीत खाण्डेकर पिता फिटरलाल खाण्डेकर 18 साल निवासी पाराघाट को पकड़ लिया। तीनों के कब्जे से 30 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पूछताछ में तीनों ने सरकण्डा नूतन चौक निवासी टानू महंत पिता भागीरथी महंत 20 साल से खरीदकर बेचना बताया। ▶▶|शेष पेज 4 पर





**रील के चक्कर में सांसत में जान**

## बुजुर्ग को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

हिंदू नव वर्ष उगादी और ईद-उल-फितर से पहले बढ़े बस किरायों के खिलाफ विरोध जताने और रील बनाने के लिए एक अजीबोगरीब तरीका अपनाते हुए बेंगलुरु के एक परिवार ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को बोरे में डालकर 'पार्सल' करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने के लिए अपनाए गए इस अनोखे तरीके ने तब खतरनाक मोड़ ले लिया जब बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद परिवार ने माफी मांगी।



**परिवार ने मांगी माफी**

पुलिस ने बताया कि स्थिति तब गंभीर हो गई जब बोरे के अंदर बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद परिवार ने अपनी हरकत के लिए पुलिस और आम जनता से माफी मांगी।

**अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से रिटायर हुए सदस्य**

# मोदी ने 59 सांसदों को विदाई दी, कहा कि राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदायी देते हुए बुधवार को संसद को 'एक खुला विश्वविद्यालय' करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा ''राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता। उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा 'हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 4 पर



**• सदन एक खुला विश्वविद्यालय**

प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की।

**छत्तीसगढ़ समेत 20 राज्यों के 59 सदस्य सेवानिवृत्त**

*सभापति सी पी राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए कहा कि नौ महिलाओं सहित कुल 59 सदस्य 20 राज्यों से अप्रैल से जुलाई के बीच सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दो वर्ष में एक-तिहाई सदस्यों का सेवानिवृत्त होना 'राज्यसभा की कार्यप्रणाली में निरंतरता सुनिश्चित करता है और नए सदस्यों को शामिल होने का अवसर भी देता है।*





डॉक्टर्स सजेशन


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


## जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई संसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल
sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।


डॉक्टर्स एडवाइस


डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई


एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

## संभव है टीबी से बचाव-उपचार





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।



आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### टीबी पेशेंट्स की डाइट

**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।






प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम

## क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।



**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**लगातार बैठने के नुकसानः** हममें से अधिकतर लोग अगर ऑफिस में काम न भी कर रहे हों, तो भी घंटों कार चलाने के दौरान, टीवी देखने के दौरान, काउच पर आराम करने के दौरान, और तो और कुर्सी पर ही घंटों एक ही मुद्रा में बैठे रहते गैजेट्स में बिजी रहते हैं। लगातार बैठे रहने से हमारी कमर पर लगातार दबाव बढ़ता है। घंटों एक ही मुद्रा में बैठने से या स्क्रीन पर देखने से हमारी गर्दन और कमर पर पड़ने वाला दबाव हमारी निद्रा के पैटर्न को भी बदल देता है। डायबिटीज और मोटापा बढ़ता है। हमारे शरीर की कंज्यूम की गई कैलोरीज की खपत नहीं होती, जिसके कारण मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां होने की आशंका बढ़ जाती हैं। खराब पॉश्चर के कारण कमर दर्द, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हाइपरटेंशन, एब्नॉर्मल ब्लड लिपिड प्रोफाइल और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**इन बातों पर करें गौरः** अपने हृदय के स्वास्थ्य के लिए सही डाइट के साथ-साथ गति, ऊर्जा देना भी जरूरी है।

- सिटिंग जॉब के दौरान हर 30 मिनट बैठने के बाद बीच में ब्रेक लें। 15 से 20 मिनट तक खड़े होकर काम करने का प्रयास करें।
- बैठने के दौरान बीच में रुक-रुककर अपने पैरों और कंधों को स्ट्रेच करें, इससे आपको आराम मिलेगा।
- अपनी डेस्क को इस तरह से ऑर्गनाइज करें कि कंधे, गर्दन, पीठ पर काम का दबाव न महसूस हो। *




# चुनाव से पहले असम में बड़ा खेला, इस्तीफे के बाद भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के सांसद बोरदोलोई

## असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को होगा मतदान

एजेंसी ▸▸ गुवाहटी

असम की राजनीति में चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने एक दिन बाद यानी आज बुधवार को राज्य की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के आमंत्रण पर पार्टी में शामिल कराया गया है। बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि राज्य इकाई केंद्रीय नेतृत्व से सिफारिश करेगी कि बोरदोलोई को आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आत्मसम्मान रखने वाला कोई भी व्यक्ति वहां नहीं रह सकता। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि भाजपा आगे भी कांग्रेस के नेताओं को अपने साथ जोड़ने का प्रयास करेगी। उन्होंने दूसरा बड़ा संकेत देते हुए कहा, 'स्वाभिमान वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कांग्रेस पार्टी में बने रहने का कोई कारण नहीं है। हमारा लक्ष्य और भी कांग्रेस नेताओं को पार्टी में लाना है।'



### इस्तीफे के पीछे अंदरूनी कलह

असम में विधानसभा चुनाव से महज 20 दिन पहले कांग्रेस को झटका देते हुए लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई ने मंगलवार की रात पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अपने इस्तीफे में बोरदोलोई ने पार्टी के भीतर आंतरिक समस्याओं और उपेक्षा का जिक्र किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वे इस फैसले से खुश नहीं थे, लेकिन पार्टी के भीतर बार-बार अपमान और समर्थन की कमी के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

### इस्तीफे की दी थी धमकी

बोरदोलोई ने हाल में असम के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर कहा था कि यदि लाहौरीघाट के मौजूदा विधायक आसिफ मोहम्मद नजर को विधानसभा चुनाव के लिए दोबारा उम्मीदवार बनाया गया, तो वह पार्टी से इस्तीफा दे सकते हैं। सांसद ने पत्र में आरोप लगाया कि नजर के करीबी सहयोगी इमदादुल इस्लाम अप्रैल 2025 में बोरदोलोई और अन्य पार्टी नेताओं पर हुए हमले में शामिल थे और इस मामले में पुलिस ने उनके खिलाफ आरोपपत्र भी दाखिल किया है।



### उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला

दूसरी तरफ, कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को बोरदोलोई के इस्तीफे को 'बहुत दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि वह एक सीट पर टिकट को लेकर नाराज थे। प्रियंका ने कहा कि इस्तीफे से पहले उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती थी कि इस्तीफ़ा देने से पहले उन्हें बोरदोलोई से बात करने का मौका मिलता। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में इस बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मुझे लगता है कि वह एक टिकट आवंटन से नाराज थे, काश हमें इस बारे में बातचीत करने का मौका मिलता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'



### यह चुनाव एक व्यक्ति से अधिक अहम

असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। महज दो साल पहले कांग्रेस पार्टी ने उन्हें नौगांव से लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर दिया था। वह मौजूदा सांसद हैं। नौगांव की जनता ने उन्हें वोट दिया था। मौजूदा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने उनके परिवार के एक सदस्य को विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका दिया है। इस तरह परिवार को एक ही समय में लोकसभा और विधानसभा दोनों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके बावजूद उन्होंने ऐसा फैसला लिया। यह उनका निजी फैसला है। यह चुनाव एक व्यक्ति से कहीं अधिक अहम है।

## सीट शेयरिंग फार्मूला, बीजेपी 89 सीटों पर लड़ सकती है चुनाव!



असम विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए का सीट शेयरिंग फार्मूला तय हो गया है। सूत्रों के मुताबिक राज्य की 126 विधानसभा में से बीजेपी सबसे ज्यादा 89 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं एजीपी 26 और बीपीएफ 11 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। असम की सभी सीटों के लिए चुनाव 9 अप्रैल 2026 को होने वाले हैं। प्रद्युत बोरदोलोई असम के दिसपुर से बीजेपी की टिकट पर विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ सकते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी 89 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि उसके सहयोगियों को कुल 37 सीटें दी जाएंगी। बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद असम के सीएम ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है और गठबंधन जल्द ही चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देगा।

### पिछले चुनाव का लेखा-जोखा

पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 92 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि एजीपी को 26 और यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) को 8 सीटें दी गई थीं। एनडीए की 2021 की जीत खास रही, क्योंकि यह पहली बार था जब किसी गैर-कांग्रेस गठबंधन ने असम में लगातार दूसरी बार सत्ता बरकरार रखी. असम की राजनीति में सीट बंटवारा हमेशा अहम भूमिका निभाता है, खासकर बोडोलैंड जैसे क्षेत्रों में, जहां क्षेत्रीय दलों का खासा प्रभाव है।

### पिछले चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन था बेहतर

सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, 'हम समन्वित तरीके से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।' असम विधानसभा में कुल 126 सीटें हैं और राज्य में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल गठबंधन और उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 126 में से 75 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी। बीजेपी ने अकेले 60 सीटें जीती थीं।




पश्चिम बंगाल

पुराने आंकड़ों के चलते भाजपा को उम्मीद

## क्या ममता के लिए नंदीग्राम बनेगा इस बार भबानीपुर?



**नई दिल्ली।** ममता बनर्जी को भबानीपुर विधानसभा से ही उतरी हैं, जहां से वह 2021 के उपचुनाव में जीती थीं। इससे पहले वह विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं। अब भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम के साथ ही भबानीपुर से भी उतार दिया है। ऐसे में देखना होगा कि क्या भबानीपुर भी ममता बनर्जी के लिए 2021 वाला नंदीग्राम साबित होगा? या वह भबानीपुर जीतने के साथ ही चौथी बार सत्ता में फिर वापसी कर पाएंगी। चुनाव का नतीजा 4 मई को आएगा, लेकिन फिलहाल बंगाल की हॉट सीट भबानीपुर बन चुकी है। अब भाजपा की बात करें तो उसने शुभेंदु अधिकारी को यहां से इसलिए उतारा है ताकि एक कदम से कई चीजों को साधा जा सके। पहली बात तो यह कि नंदीग्राम में शुभेंदु के मुकाबले हार झेल चुकीं ममता बनर्जी पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा उन्हें अपनी ही सीट पर ज्यादा समय बिताने के लिए विवश किया जा सकेगा। ममता की सीट पर उनके और भतीजे अभिषेक बनर्जी के अलावा ज्यादा चेहरे नहीं हैं, जिन पर प्रचार के लिए निर्भर रहा जा सके। ऐसी स्थिति में भाजपा चाहेगी कि ममता बनर्जी को ज्यादा से ज्यादा भबानीपुर में रोका जाए।

### बाहरी वोटरों की संख्या 40 फीसदी

भाजपा का भबानीपुर सीट को लेकर नंदीग्राम जैसा प्लान भी माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस सीट पर जो डेमोग्राफी है, उससे उम्मीद है। यहां कि आबादी में 40 फीसदी लोग गैर-बांग्ला हैं। मुख्य तौर पर गुजराती, मारवाड़ी, पंजाबी और उड़िया लोग यहां रहते हैं। फिर बड़ी आबादी झारखंड और बिहार के लोगों की भी है। ऐसे में भाजपा को उम्मीद है कि ममता बनर्जी के बांग्ला फोकस चुनाव करने पर उसे यहां बाहरी समुदायों को लुभाने में मदद मिलेगी।

केरल

## राजग ने केरल में ईसाई बहुल दो निर्वाचन क्षेत्रों में पिता-पुत्र को मैदान में उतारा

दक्षिणी कोट्टायम जिले में दिखेगा दिलचस्प मुकाबला

कोट्टायम (केरल)। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच दक्षिणी कोट्टायम जिले में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है, जहां पिता और पुत्र राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों सीटों पर ईसाई मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। ये और कोई नहीं, बल्कि वरिष्ठ नेता पीसी जॉर्ज और उनके बेटे शोन जॉर्ज हैं। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा उम्मीदवारों की सूची जारी किए जाने के साथ ही पिता-पुत्र को क्रमशः पूंजार और पाला सीटों से मैदान में उतारा गया है। ये दोनों निर्वाचन क्षेत्र केरल के मध्य हिस्से में स्थित हैं और यहां ईसाई मतदाताओं का प्रभाव अधिक है। सात बार विधायक रहे पी सी जॉर्ज अपने गृह क्षेत्र पूंजार में जाना-माना नाम हैं। वह तीन दशकों से अधिक समय तक राज्य विधानसभा के सदस्य रहे और केरल कांग्रेस के विभिन्न गुटों में रहने से पहले उन्होंने अपनी पार्टी केरल जनपक्षम (धर्मनिरपेक्ष) का गठन किया था। उन्होंने 1981, 82, 1996, 2001 और 2006 में विधानसभा में पूंजार का प्रतिनिधित्व किया था।



पूर्व जिला पंचायत सदस्य शोन जॉर्ज ने कहा कि उनके पिता और वह दोनों एक ही चुनाव में अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने जोर दिया कि वे पूंजार और पास के पाला निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ें। उन्होंने यहां कहा, 'एक ही परिवार से दो व्यक्तियों का चुनाव लड़ना कई मुश्किलें खड़ी करता है। लेकिन नेतृत्व ने हमें बताया कि चुनाव कोई व्यक्ति नहीं बल्कि पार्टी लड़ रही है।' राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पाला निर्वाचन क्षेत्र में, शोन जॉर्ज का मुकाबला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा नेता और केरल कांग्रेस (मणि) के प्रमुख जोस के मणि और मौजूदा एकीकृत लोकतांत्रिक मोर्चा विधायक मणि सी कप्पन से है।

**ऐसे चुनाव लड़ना कई मुश्किलें खड़ी करता**


# BANASTHALI VIDYAPITH

वनस्थली विद्यापीठ 1935 सा विद्या या विमुक्तये

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

## Programmes offered

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
**B.Tech.*** (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
**M.Tech. Integrated*** (Comp. Sc./Mechatronics)*
**M.Tech.** (Artificial Intelligence)
**M.Tech.** (Comp. Sc./IT)
**M.Tech.** (Robotics & Automation)
**M.Tech.** (VLSI Design) | **M.Tech.** (Remote Sensing)
**M.Tech.** (Biotechnology)
**M.Tech.** (Chemical Engineering)
**Diploma** (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

**MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
**BCA/BCA Hons./BCA Hons.**(AI/Data Analytics)$/ **BCA Hons. with Research** (AI/Data Analytics)$
**M.Sc.** (Computer Science) | **M.Sc.** (Physics)
**M.Sc.** (Data Science) | **M.Sc.** (Electronics)
**M.Sc.** (Mathematics/Statistics/Operations Research)
**MCA/PGDCA**

**ARCHITECTURE & PLANNING**
**B.Arch.+**

**LAW**
**B.A./BBA/B.Com. LL.B.** (Integrated)
**LL.M.*** (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

**LIFE SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Biotechnology) | **B.Pharm.***
**M.Pharm.** (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
**M.Sc.** (Chemistry) | **M.Sc.** (Microbiology)
**M.Sc.** (Botany) | **M.Sc.** (Zoology)
**M.Sc.** (Biotechnology) | **M.Sc.** (Bioinformatics)
**M.Sc.** (Applied Microbiology & Biotechnology)

**EARTH SCIENCES**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Geology/Geography)
**M.Sc.** (Geography) | **M.Sc.** (Geology)
**M.Sc.** (Environmental Science)

**MANAGEMENT STUDIES**
**B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$**
**BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$**
**MBA (Integrated)** | **BSW** | **M.Com.**
**MBA*** (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

**FINE ARTS**
**M.A.** Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, **MPA#, BPA#**
**B.V.A. Painting#**

**AVIATION**
**B.Sc./B.Sc. Hons.** (Aviation Science)

**DESIGN**
**B.Des.** (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
**M.A.** (Textile Designing) | **M.Des.**

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Journalism and Mass Communication)
**M.A.** (Journalism and Mass Communication)

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES**
**B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$** (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
**M.A.** (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
**Master of Social Work**

**EDUCATION**
**ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.*** (Secondary/Middle), **B.Ed., M.Ed.**

**HOME SCIENCE**
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science)
**B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$** (Home Science) Food Science & Nutrition
**M.Sc.** (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

**NURSING**
**B.Sc. Nursing***

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
**One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.**
**Foreign/NRI Admissions :** A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
**Ph.D. :** Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
#Subject to Approved

LAST DATE FOR APPLICATION **30 April, 2026**

### SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

### Enquiries can be made at

- **For general enquiry:** +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
- **For UG/PG Admissions:**
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

### How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
**Option 1 :** Online submission of application at the University's website: **http://www.banasthali.org** or
**Option 2 :** Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of **"Banasthali Vidyapith"** Payable at Banasthali/Jaipur to: **Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)**
Scan to explore

### Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

**BANASTHALI VIDYAPITH**
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

# छुट्टी पर था ड्राइवर, स्कूल संचालक ने चलाई वेन, ट्रेक्टर से हुई भिड़ंत, 10 बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



स्कूली इक्को वेन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में 10 बच्चे सहित एक शिक्षिका और ड्राइविंग कर रहे स्कूल संचालक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां बच्चो को प्राथमिक उपचार के बाद ऑब्जर्वेशन मे रखा गया है।

नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुथुर में संचालिय सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में इन दिनों वार्षिक परीक्षा चल रही है। बच्चों को लाने और ले जाने के लिए स्कूली वेन की सुविधा दी गई है। बुधवार 18 मार्च को ड्राइवर ने छुट्टी ले ली। ऐसे में स्कूल के संचालक व प्राचार्य बीपी शर्मा ही मुड़पार गांव के बच्चो को लेने खुद ड्राइविंग करते हुए चले गए। बच्चो को एकत्र कर इक्को वेन से कुथुर स्कूल आ रहे थे। वेन में 10 बच्चों के आलावा एक शिक्षिका भी सवार थी। रास्ते में अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और वेन सड़क किनारे खड़े ट्रेक्टर से जा टकराई। हादसा इतना भयंकर था कि बच्चो से भरी वेन सड़क मे पलट गई और वेन मे सवार बच्चो को गंभीर चोट आई। आपपास ने ग्रामीणों ने मदद की और बच्चों को वेन से बाहर निकाला। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। वेन ड्राइविंग कर रहे प्राचार्य बीपी शर्मा ने बताया कि स्कूल मे परीक्षा के कारण बच्चो को लाना जरुरी था। वेन चालक के छुट्टी मे होने के कारण खुद ड्राइविंग करते हुए मुड़पार गांव गए और नर्सरी से लेकर छठवीं तक के 10 बच्चो के साथ मेडम को लेकर आ रहे थे, तभी आंख के सामने अंधेरा छा गया और हादसा हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर नवागढ़ ब्लाक शिक्षा अधिकारी अशोक पाटले भी अस्पताल पहुचे और बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। बहरहाल इस हादसे ने शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग के सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है।

■ सामने आई स्कूल प्रबंधन की लापरवाही

# एलन में जेईई व नीट के बैच की तिथियों की घोषणा

■ ए-सेट के माध्यम से एलन फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप का अवसर




**कोटा।** बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब डॉक्टर और इंजीनियर के रूप में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट्स ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा व अन्य सेंटर्स पर आईआईटी-जेईई व नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए नए बैच के तिथियों की घोषणा हो चुकी है। बैच मार्च के अतिम सप्ताह में शुरू हो रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आगामी कई तिथियों में एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (ए-सेट) का आयोजन स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है।

एसेट में शामिल होकर स्टूडेंट्स एडमिशन पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं।।

मुख्य रूप से एलन कोटा में कक्षा 10 से 11 में जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन, जेईई-एडवांस्ड एवं नीट-यूजी के नर्चर बैच 25 मार्च व 2 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। कक्षा 11 से 12 में जाने वाले जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के लिए बैच 2 अप्रैल जबकि नीट-यूजी के लिए 3 अप्रैल व 23 अप्रैल को प्रारंभ होंगे। इसी प्रकार वहीं 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स के लिए जेईई-मेन व जेईई-एडवांस्ड के बैच 26 मार्च एवं 15 अप्रैल और नीट-यूजी के बैच 7 अप्रैल व 21 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। एलन के प्री-नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन डिवीजन (पीएनसीएफ) कक्षा 6 से 8वीं तक के स्टूडेंट्स के लिए बैच 9 अप्रैल व 13 मई] कक्षा 9वीं के लिए 6 अप्रैल व 13 मई एवं कक्षा 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए 2 अप्रैल व 13 मई से बैच प्रारंभ होंगे। ए-सेट के माध्यम से हर स्ट्रीम का स्टूडेंट स्वयं का असेसमेंट कर सकता है। यह पेपर साइंटिफिक [अकेडमिक व साइक्लोजिकल असेसमेंट के लिए तैयार किया जाता है] जिसमें बेस सब्जेक्ट व आइक्यू के प्रश्न होते हैं। पेपर के सांइटिफिक असेसमेंट के आधार पर स्टूडेंट को एलन द्वारा स्कॉलरशिप ऑफर की जाती है। अधिक जानकारी एलन वेबसाइट www.allen.in से ली जा सकती है।

# प्रधान मंत्री आवास योजना में घोटाला, सचिव रोजगार सहायक के विरुद्ध अपराध दर्ज

**शंकरगढ़।** जनपद पंचायत शंकरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत लिखित शिकायत एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और राशि गबन का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव जॉन कुमार टोप्पो एवं ग्राम रोजगार सहायक संजय दास द्वारा आवास हितग्राहियों के नाम पर फर्जी जियो टैगिंग कर उनके खातों में राशि अंतरित कराई गई तथा हितग्राहियों से नगद या अंगूठा लगवाकर रकम निकाल ली गई। साथ ही फर्जी मस्टर रोल जारी कर मनरेगा के तहत मजदूरी राशि भी विभिन्न खातों में डालकर गबन किया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 हितग्राहियों से 9 लाख 5 हजार एवं मनरेगा मजदूरी मद से 1 लाख 881 कुल 10 लाख 5,881 की राशि का गबन किया गया। वहीं जांच में यह बात भी सामने आई कि एक ही व्यक्ति को अलग-अलग नाम से दो बार आवास स्वीकृत कर राशि निकाली गई। पति-पत्नी नहीं होने के बावजूद गलत तरीके से आवास स्वीकृत कर भुगतान किया गया।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No.: 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No.: 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

**No.-04-01/Trans./Works/5508** **Raipur, dtd. 16.03.2026**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/151, Rfx No.-8100048680,** Construction of 3.00 m wide RCC approach road from main road to entrance gate along with 04 No. culvert at 132/33 KV S/s Maharajpur.; **NIT Value:-** Rs. 140.46 Lakhs **EMD:-** Rs 1,40,500/, **Completion Period:-** 05 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs.5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 10.04.2026 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)
CSPTCL, Raipur

**SAVE ELECTRICITY**

**pnb पंजाब नैशनल बैंक**
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)

**ई-नीलामी तिथि - 07.04.2026**
समय: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

**सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अन्तर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री**

**APPENDIX-IV-A [See proviso to rule 8(6)]**

वित्तीय अस्तीयों के प्रतिभूतिकरण व पूर्ननिर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अचल संपत्तियों की ई-निलामी सूचना सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत जारी की जा रही है। इस सूचना के द्वारा उधारकर्ताओं, जमानतदाताओं तथा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं इन संपत्तियों को बैंक के प्रधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक /सांकेतिक द्वारा अधिकार में ले लिया गया है। इन संपत्तियो की विक्रय "जहाँ है जैसा है" जो भी है जैसा भी है" नीचे दिये कॉलामो में वर्णित तिथि में बैंक/सुरक्षित लेनदार के देय राशि उधारकर्ताओं तथा जमानतदारो से वसुली के लिए किया जा रहे है। आरक्षित मूल्य तथा ब्याना राशि नीचे तालिका में संपत्तियों के समस्त दर्शाई गई है।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसुची**

| क्र. | खाताधारक का नाम / उधारकर्ता / जमानतदार का नाम व पता / शाखा का नाम | बंधक चल/अचल संपतियों का विवरण / मालिक का नाम | 1) 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि 2) बकाया राशि 3) कब्जा तिथि सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 13(4) के तहत 4) कब्जा की प्रकृति | आरक्षित मूल्य / ईएमडी (लाख में) / बोली वृद्धि राशि-10000/- प्रत्येक संपति के लिये |
|---|---|---|---|---|
